(81.8)

प्रेषक,

अर्थ नियन्त्रक एवं सचिव,
प्रबन्ध मण्डल,
चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्याय, कानपुर–2

सेवा में,

1– कुलपति, – अध्यक्ष
चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगि
विश्वविद्यालय, कानपुर–2

2– प्रमुख सचिव (वित्त), – सदस्य
उत्तर प्रदेश शासन,
सचिवाय, लखनऊ ।

3– सचिव (उच्च शिक्षा), – सदस्य
उत्तर प्रदेश शासन,
सचिवालय, लखनऊ ।

4– सचिव (कृषि), – सदस्य
उत्तर प्रदेश शासन,
सचिवालय, लखनऊ ।

5– कृषि निदेशक, – सदस्य
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

6– निदेशक पशुपालन, – सदस्य
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

7– डा0 ए0के0 रहेजा, – सदस्य
अतिरिक्त महानिदेशक (ई0एण्ड बी0सी0),
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ।

8– श्री कमलेश कुमार पाठक, – सदस्य
एम0एल0सी0, भण्डारीपुरा, इटावा ।

9– श्री हरिगोविन्द कुशवाहा, – सदस्य
ग्राम–बमनुआ, पोस्ट–टेहरौली, झांसी ।

10–प्रोफेसर राजेन्द्र सिंह, – सदस्य
अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ ।

11–श्रीमती संतोष कश्यप, – सदस्य
एच–3, शिवलोक कालोनी, हरिद्वार ।

संख्याः सीएसयूपी/सी– 301 /बोर्ड–99 दिनांकः दिसम्बर 12 ,1995

महोदय,

इस विश्वविद्यालय के प्रबन्ध मण्डल की दिनांक 8–12–1995 को सम्पन्न हुयी बैठक की कार्यवाही की एक प्रति आपके सूचनार्थ प्रेषित है ।

भवदीय,

12-12-95

(सुन्दर लाल)
अर्थ नियन्त्रक एवं सचिव
प्रबन्ध मण्डल

**चन्द्रशेखर आजाद कृषि एंव प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के प्रबन्ध मण्डल की 99 वीं बैठक की कार्यवाही ।**

दिनांक: 8.12.95 समय: पूर्वान्ह 11.30 बजे

स्थान: कुलपति कक्ष, कृषि विश्वविद्यालय, कानपुर ।

**उपस्थिति :-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डा0 इन्द्र पाल सिंह यादव, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | डा0डी0पी0 सिंह, निदेशक पशुपालन | सदस्य |
| 3. | श्री चन्द्र प्रकाश मिश्रा,<br>संयुक्त सचिव कृषि, उत्तर प्रदेश शासन | सदस्य (कृषि सचिव के प्रतिनिधि) |
| 4. | श्रीमती संतोष कश्यप | सदस्य |
| 5. | श्री हर गोविन्द कुशवाहा | सदस्य |
| 6. | श्री सुन्दर लाल, अर्थ नियन्त्रक | सचिव |

**मद सं0 1**

प्रबन्ध मण्डल की रात30.10.1995 को सम्पन्न हुयी बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन

प्रबन्ध मण्डल ने गत बैठक की कार्यवाही अनुमोदित की ।

**मद सं0 2**

**नियुक्ति के सम्बन्ध में प्रस्ताव ।**

कृषि अभियांत्रिकी एंव प्रौद्योगिक महाविद्यालय, इटावा में सहायक प्राध्यापक, स्वायल सांइस, केमेस्टी, अंग्रेजी,एग्रोनामी एंव गणित के पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक 23-24 जून, 1995 को सम्पन्न हुए साक्षात्कार में उपरोक्त पदों के लिए चयन समिति द्वारा संस्तुत अभ्यर्थियों के लिफाफे खोलकर प्रबन्ध मण्डल ने अपना अनुमोदन प्रदान किया ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सहायक प्राध्यापक, स्वायल सांइस | - श्री सत्येन्द्र कुमार |
| 2. | सहायक प्राध्यापक, केमेस्ट्री | - डा0 मनोज कुमार |
| 3. | सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी | - श्री अंशुमान खन्ना |
| 4. | सहायक प्राध्यापक, एग्रोनामी | - श्री अशोक कुमार |
| 5. | सहायक प्राध्यापक, गणित | - कोई भी उपर्युक्त नहीं पाया गया । |

प्रबन्ध मण्डल ने चयन समिति द्वारा संस्तुत निम्न प्रतीक्षा सूची पर भी अपना अनुमोदन प्रदान किया :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सहायक प्राध्यापक, केमेस्ट्री | - डा0 देवेन्द्र सिंह |
| 2. | सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी | - 1. श्री अनूप कुमार गुप्ता<br>2. श्री अनुराग चौहान |

**मद सं0 3**

**चन्द्रशेखर आजाद कृषि एंव प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर प्रांगण में हरिजन छात्रावास का निर्माण**

प्रबन्ध मण्डल ने प्रागंण में छात्रावास के निर्माण के प्रस्ताव पर अपना अनुमोदन प्रदान किया ।

**मद सं0 4**

**अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रस्तावों पर विचार ।**

**पूरक-1**

**प्रबन्ध मण्डल की 93वीं बैठक दिनांक 14.9.93 मद सं0 93-7 द्वारा विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों की वरिष्ठता निर्धारित किये जाने हेतु गठित समिति के पुर्नगठित किये जाने के प्रस्ताव पर विचार ।**

प्रोफेसरों की वरिष्ठता निर्धारित किये जाने के लिए प्रबन्ध मण्डल की 93वीं बैठक दिनांक 14.9.93 में मद सं0 7 के अन्तर्गत निम्नलिखित समिति गठित की गई थी :-

1. श्री के0डी0 श्रीवास्तव — विशेष सचिव (शिक्षा)
2. श्री ए0के0 अवस्थी — संयुक्त सचिव (वित्त)
3. श्री राजीव चन्द्र — संयुक्त सचिव (कृषि)
4. कुलपति, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एंव प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि जो सदस्य सचिव होगा ।

उपरोक्त गठित समिति में नामित सदस्य वर्तमान समय में उपरोक्त पदों पर कार्यरत नहीं हैं । अतः प्रबन्ध मण्डल ने पदेन सदस्यों की निम्नलिखित समिति कथित कार्य हेतु गठित की :-

1. विशेष सचिव (शिक्षा)
2. संयुक्त सचिव (वित्त)
3. संयुक्त सचिव (कृषि)
4. कुलपति, कृषि विश्वविद्यालय, कानपुर- द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि जो सदस्य सचिव होगा ।

**पूरक- 2**

**डा0 कलियान सिंह, प्राध्यापक/पेस्टीसाइड केमिस्ट की दिनांक 28.7.94 एंव 29.7.94 (दो दिन) का ज्वाइनिंग पीरियड/आकस्मिक अवकाश अनुमन्य कराये जाने के सम्बन्ध में ।**

प्रबन्ध मण्डल ने डा0 सिंह को दो दिन का ज्वाइनिंग टाइम प्रदान करने हेतु अपना अनुमोदन प्रदान किया ।

बैठक के अन्त में कुलपति एंव अध्यक्ष, प्रबन्ध मण्डल ने अवगत कराया कि विश्वविद्यालय के कुछ प्राध्यापक, डा0 मोती सिंह, डा0 सी0एन0 चौबे, डा0 एस0के0 सिंह एंव श्री टी0सी0 मिश्रा, जिनकी विभागाध्यक्ष तथा अन्य श्रोतों से बराबर शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि ये कोई कार्य नहीं कर

रहें हैं तथा विश्वविद्यालय में अशान्ति का वातावरण पैदा कर रहें हैं जिसके फलस्वरूप विश्वविद्यालय में अध्यापन एंव शोध आदि का कार्य प्रभावित हो रहा हैं ।

प्रबन्ध मण्डल ने विचारोपरान्त निर्णय लिया कि प्रबन्ध मण्डल के दो सदस्यों प्रोफेसर राजेन्द्र सिंह एंव श्रीमती संतोष कश्यप की समिति इनके कार्यकलापों, गतिविधियों एंव विश्वविद्यालय के प्रति निष्ठा की जॉच करेगी एंव तीन माह के अन्दर अपनी रिपोर्ट प्रबन्ध मण्डल के समक्ष प्रस्तुत करेगी ।

अन्त में बैठक अध्यक्ष को धन्यवाद के प्रस्ताव के साथ समाप्त हो गई ।

**अनुमोदित**

(इन्द्र पाल सिंह यादव)
कुलपति एंव अध्यक्ष प्रबन्ध मण्डल

(सुन्दर लाल)
अथ नियन्त्रक एंव सचिव
प्रबन्ध मण्डल